# खेल महाकुंभ के सफल आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जायें: डीएम

**निर्देश**

**संवाददाता**



खेल महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर बैठक करते हुए डीएम।

हरिद्वार। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता ''खेल महाकुंभ 2019'' का आयोजन राज्य में खेलों का वातावरण सृजित करने, युवा एवं आम जन का खेलों के प्रति आकर्षण बढ़ाने हेतु किया जा रहा है। खेल महाकुम्भ में खेलों के प्रति रूचि रखने वाले सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों के साथ–साथ दिव्यांग खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। राज्य में खेलों का माहौल सृजित करने एवं युवाओं को इलेक्ट्रोनिक्स संस्कृति से प्ले ग्राउण्ड संस्कृति की ओर आकर्षित करना है। इस संबंध में डीएम ने खेल मंत्री अरविंद पाण्डे से हुई वीडियों कॉफेंसिंग के बाद समस्त संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि खेल महाकुंभ 2019 के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जायें। उन्होंने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को खेल महाकुंभ में पंजीकरण तथा व्यववस्थाओं को दुरूस्त कराने सम्बन्धी निर्देश दिये।

खेल आयोजन के दौरान प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था हेतु सीएमओ हरिद्वार, सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन, को तथा मैदान में सफाई व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये।

## सीएम ने बोर्ड परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को किया सम्मानित



**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को रिंग रोड स्थित किसान भवन में पं.दीनदयाल उपाध्याय राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने मेधावी छात्रों एवं उत्कृष्ट विद्यालयों को पुरस्कार प्रदान करने के साथ ही आनन्दम पाठ्यचर्या से सम्बन्धित पुस्तकों का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा 2018 में हाईस्कूल एवं इण्टर की बोर्ड परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए रा0इ0का0 वोदनी चमोली, रा.इ.का. कठगरिया हल्द्वानी तथा रा0जुनियर हाईस्कूल मटीना बागेश्वर को एक–एक लाख की धनराशि भी प्रदान की



**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पर्वतीय जनपदों का ऋण–जमा अनुपात बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न

**बैठक**

**संवाददाता**



राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह।

देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह कि अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव सिंह ने बैंकर्स को पर्वतीय जनपदों का ऋण–जमा अनुपात बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को अपने अपने जनपदों में ऋण जमा अनुपात बढ़ाने एवं प्रत्येक स्तर पर लम्बित प्रकरणों एवं आवेदनों को शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिये। उन्होंने सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं का ऑनलाइन क्रियान्वयन करने हेतु सभी विभागों को निर्देश दिए, ताकि प्रगति के सही एवं वास्तविक आँकड़ों का संकलन किया जा सके। मुख्य सचिव ने डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिये जिलाधिकारी जनपद अल्मोड़ा एवं सम्बन्धितों को निर्देश दिये कि सभी बैंकों एवं विभागों का पूर्णतः डिजिटाईजेशन करने हेतु तेजी से कार्यवाही की जाए। ज्ञातव्य हो कि भारतीय रिजर्व बैंक, इण्डियन बैंक एसोसिएशन एवं सार्वजनिक बैंकों के सी.ई.ओ. के मध्य 19 जुलाई, 2019 को आयोजित बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार प्रत्येक राज्य में एक जनपद का 100 प्रतिशत डिजिटाईजेशन किया जाना है। इस हेतु उत्तराखण्ड राज्य में जनपद अल्मोड़ा का चयन किया गया है। जिसके अन्तर्गत अल्मोड़ा जनपद का पूर्ण रूप से डिजिटाईजेशन करने के लिए जनपद में कार्यरत सभी बैंक, स्टेकहोल्डर्स, राज्य सरकार के विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इसमें अपेक्षित योगदान किया जायेगा।

मुख्य सचिव ने सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना एवं दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास विकास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक गांवों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश देते हुए तैयार रोडमैप के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रमुख सचिव मनीषा पंवार, सचिव अमित नेगी, आर.मीनाक्षी सुन्दरम, अरविन्द सिंह ह्यांकी, बैंकों के महाप्रबन्धक सहित समस्त विभागों के अपर सचिव एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### परियोजना के खिलाफ मजदूरों ने खोला मोर्चा

**(संवाददाता)** पुरोला। सतलुज जल विद्युत परियोजना मोरी–नैटवाड में कार्यरत जेपी कंपनी के श्रमिकों ने विभिन्न मांगों को लेकर सीटू संगठन के नेतृत्व में मोर्चा खोल दिया है। श्रमिकों ने कहा कि परियोजना में कार्यरत श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। उनका कहना है कि श्रम विभाग के मानकों के अनुरूप सुविधाएं नहीं दी जा रही है। सतलुज जल विद्युत परियोजना मोरी नैटवाड में जेपी कंपनी निर्माण करा रही है। कंपनी से जुड़े श्रमिकों ने गुरुवार को वेतन बढ़ोत्तरी, मजदूरों का बीमा, आदि मांगों को धरना प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने कंपनी पर शोषण का आरोप लगाया तथा परियोजना प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। मजदूरों ने कहा कि पुराने मानकों पर वेतन दी जा रही है, जबकि नई दरें लागू हो गई हैं। इस लिए अब सभी मजदूरों को नई दरों पर वेतन दिया जाए।

### दो दिन से भरपेट भोजन नहीं मिलने से गुस्साए विवि के छात्रों ने किया प्रदर्शन

**(संवाददाता)** पंतनगर। विवि में पंत भवन छात्रावास के 105 छात्रों को दो दिन से भरपेट भोजन नहीं मिल सका है। गुरुवार दोपहर इन छात्रों ने प्रशासनिक भवन पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। जिससे प्रशासनिक भवन में हड़कंप मच गया, और सुरक्षाकर्मियों ने मुख्य द्वार बंद कर लिए। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों को छात्र कल्याण कार्यालय में वार्ता के लिए राजी किया। वार्ता में छात्रों ने अधिकारियों को बताया कि पिछले दो माह में कभी भी विवि द्वारा निर्धारित मीनू के मुताबिक भोजन नहीं परोसा गया। इतना ही नहीं भोजन पकाने में सड़ी–गली दाल–सब्जियों सहित निम्न गुणवत्ता के खाद्य पदार्थों का प्रयोग किया जाता है।

### संदिग्ध बुखार ने दो और महिलाओं की ली जान

**(संवाददाता)** रुड़की। डेंगू और संदिग्ध बुखार का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। संदिग्ध बुखार और डेंगू ने दो और महिलाओं की जान ले ली है। एक महिला का उपचार ऋषिकेश के एक अस्पताल में चल रहा था, जबकि दूसरी महिला की मौत घर में ही हुई है। शक्ति विहार कालोनी निवासी एक महिला पिछले 15 दिनों से बुखार से पीड़ित थी। महिला के खून की जांच कराई गई तो उसमें डेंगू की पुष्टि हुई। वहीं भंगेड़ी गांव निवासी एक महिला भी कई दिनों से बुखार से पीड़ित चल रही थी। उनकी मौत के बाद किसी ने पुलिस को फोन कर बताया कि महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। इस पर कोतवाली रुड़की पुलिस मौके पर पहुंची।

# गोचर मेले में सीएम ने 155.44 करोड़ की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**संवाददाता**



गोचर मेले के मौके पर सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत।

चमोली। 69वें राजकीय आद्यौगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेले का मंगलवार को शानदार आगाज हो गया। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गौचर मेले का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 155.44 करोड़ रूपए लागत की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर जिले को बडी सौगात भी दी। मेले के उद्घाटन के अवसर पर छोलिया नृत्य के साथ मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री ने मेले में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि गौचर मेला संस्कृति, बाजार तथा उद्योग तीनों के समन्वय के कारण एक प्रसिद्ध राजकीय मेला है और साल दर साल यह मेला अपनी ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने मेले को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए जिला प्रशासन की सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने जिले की संस्कृति, खानपान,धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों के लिए प्रकाशित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्रामी सेनानी श्री बख्तावर सिंह को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि और उद्यान के विकास में गौचर मेले की बड़ी भूमिका रही है। किसानों की आय को बढाने के लिए सरकार आर्गेनिक खेती को बढावा देने के लिए कार्य कर रही है ताकि किसान को अधिक से अधिक फायदा मिल सके। साहसिक खेलों के लिए गौचर मेले में पहली बार अलकनंदा नदी में रिवर राफ्टिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने रिवर राफ्टिंग करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यहॉ पर राफ्टिंग की भरपूर सम्भावनाएं है और जिला प्रशासन ने इसको आगे बढाने के लिए एक अच्छी पहल की है।

## पिथौरागढ़ विस उपचुनाव में प्रचार को कांग्रेस प्रभारी भी पहुंचेंगे

**(संवाददाता)** देहरादून। पिथौरागढ़ विधानसभा उपचुनाव के अंतिम चरण के प्रचार में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अनुग्रह नारायण सिंह पिथौरागढ़ मे रहकर कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी अंजू लुण्ठी का प्रचार करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने बताया कि प्रदेश प्रभारी अनुग्रह नारायण सिह 20 नवम्बर को प्रयागराज एक्सप्रेस द्वारा इलाहाबाद से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 21 नवम्बर को केन्द्रीय नेताओं से मुलाकात के उपरान्त रानीखेत एक्सप्रेस से हल्द्वानी पहुंचेंगे तत्पश्चात सड़क मार्ग से पिथौरागढ़ लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी अनुग्रह नारायण सिंह 22 एवं 23 नवम्बर को पार्टी प्रत्याशी अंजू लुण्ठी के समर्थन में पिथौरागढ़ विधानसभा के कई स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। विजय सारस्वत ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में एक भी विकास का काम नहीं किया है जिसका जवाब जनता पिथौरागढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर देगी।